आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 02.03.2019

श्री राजेश अग्रवाल, मेंबर रोलिंग स्टॉक/रेलवे बोर्ड ने आज दिनांक 02.03.2019 को आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली का निरीक्षण किया । इस निरीक्षण में श्री सुनीत शर्मा महाप्रबंधक भी उनके साथ शामिल थे । श्री अग्रवाल ने कारखाने में हो रहे उत्पादन कार्यो का विस्तृत रुप से जानकारी ली और कोचों की गुणवत्ता एवं संरक्षा संबंधी मापदंडों पर गहन रूप से विचार विमर्श किया ।

ज्ञात हो कि आरेडिका, रायबरेली को वित्तीय वर्ष 2018–19 में रेलवे बोर्ड द्वारा 1422 कोचों के उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है, जिसमें आरेडिका ने इस वित्तीय वर्ष के 11 माह में 1283 कोचों का निर्माण कर लिया है, और 1422 कोच का उत्पादन लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत है।

श्री अग्रवाल ने इस वित्तीय वर्ष के 11 महीनें में 1283 कोच का उत्पादन करने के लिए आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली की प्रशंसा की। साथ ही साथ आरेडिका, रायबरेली के आवासीय परिसर में हो रहे निर्माण कार्यों जैसे रेलवे आवास, राष्ट्रीय स्तर के हॉकी ग्राउंड, क्रिकेट ग्राउंड, गोल्फ ग्राउंड व शॉपिंग काम्पलेक्स का भी निरीक्षण किया एवं आगे होने वाले विकास कार्यों की जानकारी ली।

इसके उपरान्त श्री अग्रवाल ने महाप्रबंधक सुनीत शर्मा, आरेडिका, रायबरेली व प्रधान विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से विचार–विमर्श किया तथा मेट्रो कोच, बुलेट कोच बनाने की संभावनाओं एवं संसाधनों के बारे में चर्चा किया। महाप्रबंधक सभागार में कोच उत्पाद से संबंधित एक प्रस्तुति श्री अग्रवाल मेंबर रोलिंग स्टॉक, रेलवे बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री अनूप कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री आलोक कुमार, व अन्य वरिष्ठ विभागाध्यक्ष उपस्थित थे ।

2/3

(आर.पी.शर्मा)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी